# फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड सबसे महत्वपूर्ण नियम और शर्तें (MITC)

1 जुलाई, 2024

इनके द्वारा जारी

FEDERAL BANK

सबसे महत्वपूर्ण नियम और शर्तें फ़ेडरल बैंक लिमिटेड (बैंक) द्वारा अपने को-ब्रांडिंग पार्टनर वन कन्ज़्यूमर सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड (** वन कार्ड क्रेडिट कार्ड**) के साथ जारी किए गए फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड पर लागू होती हैं. आपका फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड को बैंक द्वारा प्राधिकृत FPL द्वारा मैनेज किया जाता है, जो बैंक का आउटसोर्स किया गया प्रोवाइडर है.

आपके कार्ड को वन कार्ड ऐप से एक्टिवेट करके या 'सबमिट करें' या 'मुझे स्वीकार है' पर या किसी भी मिलते-जुलते टैब/आइकन पर क्लिक करने का मतलब कार्डहोल्डर/कार्डसदस्य/यूज़र(आप) के द्वारा नीचे दिए गए नियमों और शर्तों को स्वीकार करना है.

MITC विस्तृत नियमों और शर्तों के अतिरिक्त हैं और उन्हें इनके साथ पढ़ा जाएगा और उनमें समय-समय पर बदलाव किया जा सकता है. इस वेबसाइट पर इसका नवीनतम संस्करण हमेशा उपलब्ध रहेगा.

सहूलियत की दुनिया में आपका स्वागत है!

## वन कार्ड मोबाइल ऐप

आप शक्तिशाली वन कार्ड मोबाइल ऐप के ज़रिए फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड को पूरी तरह कंट्रोल कर सकते हैं, जिसकी कुछ कार्रवाइयां ये हैं:

- अपना ऐप पिन सेट करें
- अपना फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट करें
- क्रेडिट कार्ड के बिल का भुगतान करें
- अपने वर्चुअल क्रेडिट कार्ड को मैनेज करें
- अपनी क्रेडिट लिमिट और नकद निकासी लिमिट को नियंत्रित करें
- ऑनलाइन, घरेलू उपयोग और अंतरराष्ट्रीय उपयोग को सक्षम बनाएं
- अपना फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड पिन सेट करें (बिक्री स्थान और ATM में इस्तेमाल के लिए)
- अपने फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड के किसी भी पहलू को लेकर होने वाले विवाद या सर्विस संबंधी क्वेरी के विवाद उठाएं

हमने यह सुनिश्चित किया है कि आप पसंदीदा ऑथेंटिकेशन मैकेनिज़्म (फ़िंगरप्रिंट/पिन) के ज़रिए खुद को ऑथेंटिकेट करने के बाद ही ऊपर दिए गए ट्रांज़ैक्शन कर सकें. कार्डहोल्डर के रूप में, आपको इन ट्रांज़ैक्शन के फ़ीचर्स और प्रभाव की जानकारी होनी चाहिए क्योंकि वन कार्ड ऐप में आपकी कार्रवाइयों की ज़िम्मेदारी आपकी ही होगी.

## वर्चुअल क्रेडिट कार्ड

भौतिक फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड के अलावा, आपको ऑन-बोर्डिंग प्रोसेस के भाग के तौर पर, इसी फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड का वर्चुअल रेंडिशन मिलेगा, जो वन कार्ड ऐप पर उपलब्ध होगा.

यह वर्चुअल कार्ड भी वीज़ा पावर्ड क्रेडिट कार्ड होता है, ताकि आप किसी भी ऑनलाइन या मोबाइल ऐप्लिकेशन-आधारित ट्रांज़ैक्शन या खरीदी के लिए इसका इस्तेमाल कर सकें. सुरक्षा के पैरामीटर उद्योग मानकों के अनुसार सेट किए गए हैं.

## फ़ीस और शुल्क

हम आपकी ज़िंदगी को आसान बनाने में भरोसा करते हैं और हमारे शुल्क इसी दिशा में हमारी कोशिशों को दिखाते हैं.

जब तक आप फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड को अपनी स्वीकृत क्रेडिट कार्ड सीमा में इस्तेमाल करते हैं और देय तारीख तक अपनी पूरी बकाया राशि का भुगतान करते हैं, तब तक हम आप पर कोई भी शुल्क नहीं लगाएंगे. हालांकि आपके कार्ड का तय सीमा से ज़्यादा इस्तेमाल करने मामलों में कुछ शुल्क लगाए जाएंगे.

इन चार्ज की सूची यहां दी गई है.

| चार्ज का शेड्यूल | | | |
|---|---|---|---|
| **Sr** | **फ़ीस का प्रकार** | **फ़ीस का विवरण** | **यूनिट फ़ीस** |
| 1 | शामिल होने की फ़ीस | शामिल होने की फ़ीस (प्राथमिक कार्डधारक) | कुछ नहीं |
| | | शामिल होने की फ़ीस (ऐड-ऑन कार्डधारक) | कुछ नहीं |
| 2 | वार्षिक सदस्यता फीस | सालाना फ़ीस (प्राथमिक कार्डधारक) | कुछ नहीं |
| | | सालाना फ़ीस (ऐड-ऑन कार्डधारक) | कुछ नहीं |

Feddy

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | कार्ड जारी करने की फ़ीस | जारी करने की फ़ीस<br>(प्राथमिक कार्डधारक) | कुछ नहीं |
| | | जारी करने की फ़ीस<br>(ऐड-ऑन कार्डधारक)<br>➲ प्लास्टिक कार्ड | कुछ नहीं |
| | | ➲ मेटल कार्ड | रु. 3000 |
| 4 | कार्ड दोबारा-जारी करने की फ़ीस | ➲ प्लास्टिक कार्ड | कुछ नहीं |
| | | ➲ दूसरी बार बदलना | रु. 145 |
| | | ➲ तीसरी बार और इसके बाद बदलना | रु. 500 |
| | | ➲ मेटल कार्ड | रु. 3000 |
| 5 | कार्ड कैंसिलेशन फ़ीस | वर्चुअल कार्ड एक्टिवेट किए जाने के 6 महीनों के अंदर कार्ड कैंसिलेशन<br>प्राथमिक कार्डधारक<br>➲ प्लास्टिक कार्ड | 500 रु. |
| | | ➲ मेटल कार्ड | 3000 रु. |
| | | ऐड-ऑन कार्डधारक<br>➲ प्लास्टिक कार्ड | 500 रु. |
| | | ➲ मेटल कार्ड | कुछ नहीं |
| 6 | अग्रिम नकद की सीमा | ATM नकद निकासी फ़ीस | निकासी राशि का 2.5% (न्यूनतम 300 रु.) |
| 7 | ट्रांज़ैक्शन के लिए सर्विस चार्ज | रिडेम्प्शन फ़ीस | कुछ नहीं |
| | | फ़ॉरेक्स मार्कअप फ़ीस | 1% |
| | | ओवर लिमिट फ़ीस | ओवर लिमिट राशि का 2.5% (न्यूनतम रु. 400) |
| | | किराया ट्रांज़ैक्शन फ़ीस<br>(20 फ़रवरी 23 से प्रभावी)<br>➲ थर्ड पार्टी मर्चेंट | 1% |
| | | ➲ वन कार्ड इन-ऐप किराया भुगतान | 0% |
| | | वन कार्ड इन-ऐप किराया सुविधा फ़ीस | 2% |
| | | फ़्यूल सरचार्ज वेवर कैप<br>(20th फ़रवरी 23 से प्रभावी) | अधिकतम 400 रु. प्रति माह प्रति अकाउंट |
| | | ब्याज रहित अवधि** | 48 दिन |
| | | वार्षिक प्रतिशत दर (APR %) | 3.49% प्रति माह<br>41.88% प्रति वर्ष |
| 8 | ब्याज दर | 3.49% प्रति माह 31.07.2024 तक लागू<br>41.88% प्रति वर्ष 31.07.2024 तक लागू<br><br>3.75% प्रति माह 01.08.2024 से लागू<br>45% प्रति वर्ष 01.08.2024 से लागू | |
| 9 | देर से किए गए भुगतान के लिए शुल्क | 31.07.2024 तक लागू | |

| **बकाया राशि** | **फ़ीस** |
|---|---|
| ₹ 0 - 99 | ₹ 0 |
| ₹. 100 - 1000 | ₹ 100 |
| ₹ 1001 - 5000 | ₹ 250 |
| ₹ 5001 - 10000 | ₹ 750 |
| ₹ 10001- 50000 | ₹ 1000 |
| ₹ 50001 और इससे ज़्यादा | ₹ 1200 |

01.08.2024 से लागू

| बकाया राशि | फ़ीस |
|---|---|
| ₹ 0 - 250 | ₹ 0 |
| ₹ 251 - 1000 | ₹ 250 |
| ₹ 1001 - 5000 | ₹ 500 |
| ₹ 5001 - 25000 | ₹ 1000 |
| ₹ 25001 और इससे ज़्यादा | ₹ 1250 |

वस्तु एवं सेवा कर (GST) उन सभी फ़ीस, ब्याज और अन्य चार्ज पर लागू होता है और भारत सरकार द्वारा सूचित किए जाने पर इसमें बदलाव हो सकता है

## ATM से नकद निकासी

आप फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल भारत में और/या विदेशों में (नेपाल और भूटान में विदेशी करेंसी के लेन-देनों को छोड़ कर) कथित ATM में फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड की अनुकूलता के मुताबिक ATM से नकद राशि की निकासी करने के लिए कर सकते हैं. ऊपर बताए अनुसार नकद राशि की निकासी के चार्ज या ATM विड्रॉवल फ़ीस ऐसी सभी निकासियों पर लगाई जाएगी और उनका बिल अगले/आगामी फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट में आपको लगाया जाएगा.

## ** ब्याज रहित अवधि

कृपया याद रखें कि ब्याज मुक्त अवधि की यह सुविधा आपको तब उपलब्ध नहीं होगी, अगर आपने पिछले महीने की बकाया राशि का भुगतान पूरी तरह नहीं किया है.

## *** ब्याज दर

हर दिन की समाप्ति पर, मौजूदा बैलेंस/बकाया राशि को दैनिक दर से गुणा किया जाएगा ताकि ब्याज के दैनिक चार्ज मिल सकें, जिन्हें इसके बाद आपके बकाया बैलेंस में जोड़ दिया जाता है. इसका आसान सा फ़ॉर्मूला नीचे बताए अनुसार होगा: ((दिनों की संख्या X पूरी बकाया राशि X (ब्याज दर प्रति माह x 12 महीने))/365 दिन. फ़िलहाल, फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड के सभी सदस्यों के लिए उनकी बकाया देय राशियों पर ब्याज की दर 41.88% प्रति वर्ष, या 3.49% प्रति माह है.

## नमूना उदाहरण 1 (भुगतान न की गई पूरी बकाया राशि)

खरीदी: 10,000 रु. 15 जनवरी, 2021 स्टेटमेंट की तारीख: 01 फ़रवरी, 2021 कुल बकाया राशि: 10,000 रु. भुगतान की देय तारीख:
18 फ़रवरी, 2021
भुगतान किया गया: 10 फ़रवरी, 2021 को 500 रु.
फ़रवरी में कोई भी अन्य लेन-देन नहीं हैं.

ऊपर बताए गए फ़ॉर्मुला के अनुसार, ब्याज आगे बताए अनुसार चार्ज किया जाएगा:

| बैलेंस ( ) | अवधि | दिनों की संख्या | गणना | ब्याज ( ) |
|---|---|---|---|---|
| **₹ 10000** | **15-31 जनवरी** | **17** | **(17x10000x(3.75/100x12))/365** | **209.59** |
| **₹ 10000** | **01-09 फ़रवरी** | **9** | **(9x10000x(3.75/100x12))-365** | **110.96** |
| **₹ 9500** | **10-28 फ़रवरी** | **19** | **(19x9500x(3.75/100x12))/365** | **222.53** |
| **चार्ज किया गया ब्याज** | | | | **543.08** |

चार्ज किए गए इस ब्याज पर प्रचलित दर से (फ़िलहाल 18%) वस्तु एवं सेवा कर (GST) लगाया जाएगा, जो रु. 90.98.
इसे बकाया राशि में जोड़ दिया जाएगा, इसलिए 01 मार्च, 2021 के आपके स्टेटमेंट में, कुल देय राशि 10,096.41 रु. (रु. 9,500 + रु. 505.43 + Rs.90.98)

## नमूना उदाहरण 2 (बकाया राशि रिवॉल्व की गई, नई खरीदी)

स्टेटमेंट की तारीख: 01 मार्च, 2021 कुल बकाया राशि: 9,927.23 रु. भुगतान की देय तारीख: 18 मार्च, 2021
भुगतान किया गया: 10 मार्च, 2021 को 500 रु. नई खरीदी: 20 मार्च, 2021 को 5,000 रु.

ब्याज आगे बताए अनुसार चार्ज किया जाएगा:

| बैलेंस ( ) | अवधि | दिनों की संख्या | गणना | ब्याज ( ) |
|---|---|---|---|---|
| **₹ 9,927.23** | **01-09 मार्च** | **9** | **(9x9927.23x (3.75/100x12))/365** | **110.15** |
| **₹ 9,427.23** | **10-19 मार्च** | **10** | **(10x9427.23x (3.75/100x12))/365** | **116.23** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **₹ 14,427.53** | **20-31 मार्च** | **12** | **(12x14427.53x (3.75/100x12))/365** | **213.45** |
| **चार्ज किया गया ब्याज** | | | | **439.83** |

चार्ज किए गए इस ब्याज पर प्रचलित दर से (फ़िलहाल 18%) वस्तु एवं सेवा कर (GST) लगाया जाएगा, जो 73.68 रु है. इसे बकाया राशि में जोड़ दिया जाएगा, इसलिए 01 अप्रैल, 2020 के आपके स्टेटमेंट में, कुल देय राशि 14,910.24 रु. (रु. 14,427.23 + रु. 409.33 + 73.68 रु.).

ध्यान दें: ये उदाहरण सांकेतिक हैं और यह दिखाने के लिए हैं कि ब्याज की गणना और उन्हें किस तरह चार्ज किया जाता है. असल राशियां विशेष मामलों के आधार पर अलग हो सकती हैं.

न्यूनतम देय राशि निवल डेबिट + सीमा से अधिक पूरी राशि + EMI ब्याज सहित माह के लिए बिल में लगाई गई EMI, फ़ीस और कर + पिछले स्टेटमेंट की बकाया न्यूनतम देय राशि, अगर कोई है.

न्यूनतम देय राशि का वेरिएबल प्रतिशत (5% - 100%) के बीच हो सकता है और यह कार्डधारक की पुनर्भुगतान स्थिति पर आधारित होगा.

## ****देरी से किए गए भुगतान की फ़ीस

अगर भुगतान की देय तारीख तक कोई भुगतान नहीं किया जाता है या न्यूनतम देय राशि से कम भुगतान किया जाता है तो आपको देरी से किए गए भुगतान की फ़ीस चार्ज की जाती है. विलंबित भुगतान शुल्क नीचे उल्लिखित ग्रिड के अनुसार कार्डधारक की बकाया राशि के आधार पर लगाया जाएगा.

31.07.2024 तक लागू

| **देरी से किए गए भुगतान की फ़ीस** | |
|---|---|
| **बकाया राशि** | **शुल्क** |
| ₹0-99 | ₹0 |
| ₹100-1000 | ₹100 |
| ₹1001-5000 | ₹250 |
| ₹5001-10000 | ₹750 |
| ₹10001-50000 | ₹1000 |
| ₹50001 और इससे ज़्यादा | ₹1200 |

01.08.2024 से लागू

| **देरी से किए गए भुगतान की फ़ीस** | |
|---|---|
| **बकाया राशि** | **शुल्क** |
| ₹0-250 | ₹0 |
| ₹251-1000 | ₹250 |
| ₹1001-5000 | ₹500 |
| ₹5001-25000 | ₹1000 |
| ₹25000 और इससे ज़्यादा | ₹1250 |

उदाहरण

मानें लें कि कुल देय राशि (TAD) ₹ 5,000 है और भुगतान की देय तिथि 4 मई, 2020 है. अगर कार्डधारक भुगतान देय तिथि तक न्यूनतम देय राशि का भुगतान नहीं करता है, तो अगले बिल की देय तारीख पर विलंब भुगतान शुल्क ₹ 500 लगाया जाएगा. अगर बकाया राशि 01.08.2024 से प्रभावी शुल्क के अनुसार 1001-5000 की सीमा में है, तो विलंब भुगतान शुल्क ₹ 500 है.

### ओवरलिमिट फ़ी:

वर्तमान में, कार्डधारक द्वारा लेनदेन करते समय निर्धारित क्रेडिट सीमा का उल्लंघन करने पर या व्यापारी से वास्तविक निपटान राशि प्राप्त करने पर प्रत्येक बार ओवरलिमिट राशि का 2.5% या ₹ 500 (जो भी अधिक हो) ओवरलिमिट शुल्क लिया जाता है.

01.08.2024 से, कार्डधारक द्वारा लेनदेन करते समय निर्धारित क्रेडिट सीमा का उल्लंघन करने पर या व्यापारी से वास्तविक निपटान राशि प्राप्त करने पर प्रत्येक बार ओवरलिमिट राशि का 2.5% या ₹ 500 (जो भी अधिक हो) ओवरलिमिट शुल्क लिया जाएगा.

सीमा से अधिक लेनदेन की अनुमति केवल तभी दी जाएगी, जब कार्डधारक ने ऐप से ओवरलिमिट कार्ड कंट्रोल सक्षम किया हो.

### फ़ॉरेक्स मार्कअप फ़ी

जब आप विदेशी करेंसी में लेन-देन करने के लिए अपने फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं, तो उस लेन-देन की राशि को निपटान की तारीख पर भारतीय रुपए (INR) में कनवर्ट कर दिया जाता है. यह आपके लेन-देन की तारीख से अलग हो सकती है.

अगर लेन-देन USD (अमेरिकी डॉलर) में नहीं है, तो राशि को सबसे पहले USD में कनवर्ट किया जाएगा और इसके बाद USD को वीज़ा द्वारा दी गई दर में INR में कनवर्ट किया जाएगा. इस राशि में, फ़ॉरेक्स मार्कअप फ़ीस लगाई जाएगी और मार्कअप फ़ीस पर GST लगाया जाएगा. अगर इस लेन-देन को 30 दिनों के अंदर रिवर्स किया जाता है, तो मार्कअप फ़ीस और GST कार्डधारक को लौटाया जाएगा. भारत से बाहर स्थित किसी व्यापारी या भुगतान गेटवे पर किए गए भारतीय रुपये (INR) लेन-देन के केस में कोई विदेशी करेंसी से संबंधित मार्कअप फ़ीस भी लगाई जाएगी.

### ईंधन अधिभार छूट:

8.7. जब आप घरेलू स्तर पर ईंधन के भुगतान के लिए फ़ेडरल बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं, तो प्राप्तकर्ता (व्यापारी का बैंक जो टर्मिनल प्रदान करता है) द्वारा ईंधन अधिभार लगाया जाता है. अधिभार छूट, या तो लेनदेन की राशि का 1% या वास्तव में लगाया गया अधिभार (GST को छोड़कर), इनमें से जो भी कम हो वह होगी. फ़ेडरल बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करके किए गए ईंधन लेनदेन के लिए प्रति कैलेंडर माह में प्रति खाता अधिकतम ईंधन अधिभार छूट ₹ 400 तक सीमित होगी. अधिभार छूट/वापस ली गई राशि में ऐसी खरीद पर चुकाया गया लागू कर शामिल नहीं होगा। ईंधन लेनदेन पर रिवॉर्ड पॉइंट अर्जित नहीं किए जाएंगे.

## B) निकासी की सीमाएं

अपनी क्रेडिट लिमिट और नकद निकासी लिमिट दोनों परिवर्तनशील हैं. अगर आप अपनी क्रेडिट लिमिट में वृद्धि के लिए पात्र हैं, तो आप ऐप से इसे बढ़ाने का अनुरोध कर सकते हैं. अनुमोदन हो जाने पर, यह संशोधित राशि आपकी नई क्रेडिट लिमिट हो जाएगी.

बैंक द्वारा प्राधिकृत FPL के पास भी आपके फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल के आधार पर वन कार्ड ऐप में क्रेडिट लिमिट बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित है. यह अनुशंसा और इससे संबंधित नियम व शर्तें आपको अनुशंसा स्वीकार करने से पहले विचार करने के लिए उपलब्ध करा दी जाएंगी.

जब आप क्रेडिट लिमिट में बढ़ोतरी के लिए वन कार्ड ऐप के अंतर्गत दिखाई गई शर्तों को पढ़ कर उन्हें स्वीकार कर लेते हैं और लिमिट बढ़ाने के लिए अपनी सहमति दे देते हैं, तो बैंक द्वारा प्राधिकृत FPL आपके कार्ड पर क्रेडिट लिमिट को एन्हांस कर देगा. आपके द्वारा सीमा वृद्धि की अनुशंसा की स्वीकृति, वन कार्ड में इलेक्ट्रॉनिक तरीके के ज़रिए प्राप्त की जाती है जहां आप लिमिट को विशेष रूप से सत्यापित करते हैं और MITC के नियम से सहमत होते हैं, उन्हें सहमति के रूप में माना जाएगा. बैंक द्वारा प्राधिकृत FPL ऐसी सहमति के डिजिटल रिकॉर्ड बनाए रखेगा और अकाउंट में लिमिट बढ़ाने के बारे में बाद में कोई भी विवाद उठने पर इसे सहमति के सबूत के तौर पर मानेगा.

बैंक द्वारा प्राधिकृत FPL समय-समय पर आपके अकाउंट की समीक्षा करेगा और आपके लेन-देन के पैटर्न, पुनर्भुगतान के व्यवहार और अन्य आंतरिक मापदंड के आधार पर उसके पास आपकी क्रेडिट लिमिट को कम करने का अधिकार सुरक्षित है. इसकी सूचना आपको वन कार्ड ऐप और/या ईमेल और SMS के माध्यम से दी जाएगी.

"उपलब्ध क्रेडिट लिमिट" या "उपलब्ध कैश लिमिट" वह लिमिट है, जहां तक आप किसी ATM से क्रमशः खरीदारियां या नकद निकासी कर सकते हैं. कैश लिमिट आपको असाइन की गई समग्र क्रेडिट लिमिट का भाग है, हालांकि यह फ़िलहाल कार्डहोल्डर को उपलब्ध नहीं होती है. इसके सक्षम हो जाने पर सूचना दी जाएगी.

## C) बिलिंग

### i) बिलिंग स्टेटमेंट (समयावधि और भेजने का तरीका)

आपका बिलिंग स्टेटमेंट हर महीने (फ़िलहाल 20 तारीख को) जनरेट किया जाएगा और इसे आपकी सुविधा के अनुसार एक बार 14 तारीख में बदला जा सकता है. आप स्टेटमेंट को वन कार्ड ऐप में देख सकते हैं सभी खरीदारी, पुनर्भुगतान, फीस, ब्याज चार्ज, रिफंड और करों का ब्रेक अप इसमें शामिल होगा. यदि किसी महीने में कार्ड का उपयोग नहीं किया गया है, तो स्टेटमेंट में यह उल्लेख किया जाएगा कि उस महीने में कोई खर्च नहीं हुआ था. ऐप में स्टेटमेंट को PDF फ़ॉर्मेट में देखने का विकल्प भी होता है, जिसे इसके बाद फ़ोन से डाउनलोड किया जा सकता है. ii) न्यूनतम देय राशि जब आपको अपना स्टेटमेंट प्राप्त होता है (फ़िलहाल यह तारीख 20 है), तो आप अपने स्टेटमेंट के अनुसार कुल देय राशि (TAD) का या न्यूनतम देय राशि (MAD) का भुगतान करने का विकल्प चुन सकते हैं. शेष बैलेंस, आगे के महीनों में आगे ले जाया जा सकता है. यह न्यूनतम देय राशि यह होगी:

i) बकाया राशि का 5% या 100 रु. (जो भी अधिक हो) इसमें जोड़ें

ii) पहले भुगतान न की गई न्यूनतम देय राशि, अगर कोई हो; इसमें जोड़ें

iii) ऐसी कोई भी राशि जो क्रेडिट लिमिट से अधिक हो गई हो; इसमें जोड़ें iv) सभी बकाया किस्तों (EMI) की पूरी राशि (अगर जैसी लागू हो)

आप पूरी बकाया राशि का या न्यूनतम देय राशि व कुल देय राशि के बीच किसी राशि का भुगतान भी कर सकते हैं. देरी से किए गए भुगतान के लिए शुल्क से बचने के लिए भुगतान, भुगतान की देय तारीख के पहले किया जाना चाहिए.

जब आप भुगतान करते हैं, तो इसे इस क्रम में एडजस्ट किया जाता है:

बिल में लगाई गई कैश एडवांस फ़ीस ब्याज और करों के साथ >> बिल में लगाई गई खरीदी, ब्याज और करों के साथ (जैसी लागू हो) >> बिल में न लगाई गई कैश एडवांस फ़ीस ब्याज और करों के साथ >> बिल में न लगाई गई खरीदी, ब्याज और करों के साथ (जैसी लागू हो).

इनके अंतर्गत, भुगतान को नीचे बताए अनुसार और भी एडजस्ट किया जाता है:

कर >> फ़ीस >> ब्याज >> खरीदियां.

अगर देय कुल राशि 100 रु. से कम हो, तो देय न्यूनतम राशि कुल देय राशि के बराबर यानी100 रु के बराबर होगी.

| स्मार्ट बनें. हर महीने पूरी बकाया राशि या न्यूनतम देय राशि से ज़्यादा राशि का भुगतान करके | |
|---|---|
| **कर्ज़ के जंजाल से बचें** | **हर महीने सिर्फ़ न्यूनतम राशि का भुगतान करना** |
| **✓ बकाया राशियों को तेज़ी से क्लियर करें**<br>**✓ कम ब्याज का भुगतान करें**<br>**✓ अपनी खर्च की सीमा को मुक्त करें**<br>**✓ अपने क्रेडिट स्कोर को बेहतर बनाएं** | **देय पूरी राशि को क्लियर करने में लगभग 10 वर्ष या इससे ज़्यादा समय लग सकता है.** |

## iii) रीफ़ंड/चार्जबैक/रीइम्बर्समेंट

किसी भी अतिरिक्त शुल्क से बचने के लिए आपको वन कार्ड क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट में बिल किए गए लेन-देन के लिए भुगतान करना होगा. ऐसे सभी रीफ़ंड, चार्जबैक, या रीइम्बर्समेंट, जो फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट पर नही दिखाए गए हैं, उन्हें भुगतान करते समय आपको खुद ही कुल देय राशि से एडजस्ट या कम नहीं करना चाहिए.

रीफ़ंड/चार्जबैक/रीइम्बर्समेंट अगर कोई है, तो वह रीफ़ंड/चार्जबैक/रीइम्बर्समेंट प्राप्त होने पर आपके फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट में दिखाई देगा और इन्हें आपके अगले फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट में आपकी देय राशि के लिए एडजस्ट किया जाएगा.

## iv) भुगतान का तरीका

आप ऐप से ही निम्नलिखित तरीकों से बकाया राशि का भुगतान कर सकते हैं:

a) डेबिट कार्ड

b) नेट बैंकिंग

c) UPI

आप ऐप में दिए गए यूनिक फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड बैंक अकाउंट नंबर में IMPS या NEFT के ज़रिए भी भुगतान कर सकते हैं.

## v) बिलिंग संबंधी विवाद का समाधान

अगर आप स्टेटमेंट की किसी भी विसंगति के बारे में स्टेटमेंट की तारीख के 30 दिनों के अंदर हमें सूचित नहीं करते हैं, तो उसकी सभी विषय-वस्तु सही मानी जाएगी. बिलिंग से संबंधित विवाद/विसंगतियां होने पर हम उनकी जांच करेंगे और ऐसे लेन-देनों की देयता को कन्फ़र्म करेंगे. कुछ विशेष विवादों के लिए,हम जांच के दौरान अस्थायी रूप से क्रेडिट ऑफ़र कर सकते हैं, जिसे जांच के परिणाम के अधीन लागू चार्जेस के साथ रिवर्स किया जा सकता है. फ़ीस और शुल्क या ब्याज पर किसी भी विवाद में लगाए गए किसी भी GST को वापस नहीं किया जाएगा

## vi) कार्ड जारीकर्ता का डाक का पूरा पता:

फेडरल बैंक लि., दूसरी मंजिल, पैराकल टावर्स, फेडरल बैंक, परिचालन विभाग, पारूर जंक्शन, अलुवा, एर्नाकुलम, केरल, भारत, 683 102

अगर आपको किसी सहायता की आवश्यकता है, तो आप:

- वन कार्ड ऐप के प्रोफ़ाइल सेक्शन से “सहायता की आवश्यकता है?” का चयन कर सकते हैं
- अपने सवाल के साथ हमें contact@federalbank.co.in (mailto:contact@federalbank.co.in) पर लिखें
- हमें हमारे हेल्पलाइन नंबर **1800-210-9111** पर कॉल करें
- हमें इस पते पर लिखें या विज़िट करें: फ़ेडरल बैंक, फ़िनटेक पार्टनरशिप डिपार्टमेंट, केरला तेक्नोलॉजी इनोवेशन ज़ोन, केइन्फ़्रा हाईटेक पार्क मेन रोड एचएमटी कॉलोनी, पी. ओ कैलामासेरी, कोची, केरल 683503

## vii) शिकायत निवारण का अनुरोध आगे बढ़ाना

अगर आप नियमित चैनल से मिले जवाब से संतुष्ट नहीं हैं, तो आप grievances@fplabs.tech (mailto:grievances@fplabs.tech) को ईमेल भेज सकते हैं.

अगर आपकी शिकायत का उचित तरीके से निपटारा नहीं किया गया है या आपकी संतुष्टि के अनुसार समस्या का समाधान करने में देरी हुई है, तो कृपया हमारे प्रधान नोडल अधिकारी से इस ईमेल पर संपर्क करें: support@federalbank.co.in

**सुश्री शालिनी वॉरियर**

कार्यकारी निदेशक एवं प्रमुख नोडल अधिकारी

CEO सचिवालय, फेडरल बैंक लिमिटेड।
फ़ेडरल टावर्स, अलुवा, केरल।
फ़ोन: 0484-2626366

अगर आप अभी भी अपनी शिकायत के समाधान से संतुष्ट नहीं हैं, तो आप बैंकिंग लोकपाल से संपर्क कर सकते हैं. कृपया ध्यान दें कि शिकायतों के निवारण का पहला बिंदु बैंक ही है. शिकायतकर्ता नीचे दिए गए लिंक के माध्यम से रिज़र्व बैंक एकीकृत लोकपाल से संपर्क कर सकते हैं.
https://cms.rbi.org.in/

### viii) क्रेडिट बैलेंस/अतिरिक्त राशि का रीफ़ंड

अगर आपके फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट में अतिरिक्त पुनर्भुगतान या रीफ़ंड की वजह से कोई क्रेडिट बैलेंस/अतिरिक्त राशि हो, तो इस राशि को भावी लंबित देय राशियों के लिए एडजस्ट की जा सकती है, या यह आपके अनुरोध के अनुसार आपको रिफ़ंड की जा सकती है.

a) अगर इस क्रेडिट बैलेंस/अतिरिक्त राशि को भावी लंबित देय राशियों के लिए एडजस्ट किया जाएगा, तो आपकी ओर से किसी भी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं है.

b) अगर यह क्रेडिट बैलेंस/अतिरिक्त राशि रिफ़ंड की जाएगी, तो आपके द्वारा आगे दी गई प्रक्रिया का अनुसरण किया जाना चाहिए:
   - अपने रजिस्टर्ड ईमेल आईडी से मौजूदा बकाया राशियों के अतिरिक्त पुनर्भुगतान करने के कारण के साथ इस क्रेडिट बैलेंस/अतिरिक्त राशि के रीफ़ंड का अनुरोध लिखित रूप में help@getवन कार्ड.app पर भेजें
   - उस अकाउंट से बैंक स्टेटमेंट सबमिट करें, जिससे आपके फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड के पिछले दो पुनर्भुगतान किए गए हैं.
   - अगर क्रेडिट बैलेंस/अतिरिक्त राशि इस राशि से अधिक है, तो अपने पैन कार्ड की कॉपी सबमिट करें 49,000
   - अगर आपका फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट बंद कर दिया गया है, तो अपने उस सेविंग्स बैंक अकाउंट के विवरण दें, जिसमें क्रेडिट बैलेंस/अतिरिक्त राशि का रीफ़ंड किया जा सकता है)
   - 1,000 रु. से कम राशि के क्रेडिट बैलेंस/अतिरिक्त राशि के रीफ़ंड के अनुरोध प्रोसेस नहीं किए जाएंगे

d) अगर क्रेडिट बैलेंस/अतिरिक्त राशि अतिरिक्त पुनर्भुगतान की वजह से है, तो इसे 7-10 कार्यदिवसों के अंदर उस स्रोत अकाउंट में दोबारा लौटाया जाएगा, जिससे कार्डहोल्डर ने पुनर्भुगतान किया था

e) अगर फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट कैंसल हो जाता है, तो क्रेडिट बैलेंस/अतिरिक्त राशि ऊपर धारा b) में बताई गई प्रक्रिया के अनुसार कार्डधारक के सेविंग्स बैंक अकाउंट में रीफ़ंड की जाएगी. बैंक अकाउंट के विवरण ईमेल में दिए जाने आवश्यक हैं.

f) कार्डधारक के फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट में जमा किसी भी क्रेडिट बैलेंस/अतिरिक्त राशि पर कोई भी ब्याज देय नहीं होगा.

g) कार्डधारक को अधिक मूल्य वाले लेन-देनों की स्वीकृति के लिए अपनी स्वीकृत क्रेडिट लिमिट को कृत्रिम तरीके से बढ़ाने के लिए अपने फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट में अतिरिक्त भुगतान करने की अनुमति नहीं है.

क्रेडिट लिमिट को बढ़ाने की ज़रूरत होने पर इसके लिए अलग से अनुरोध किया जा सकता है.

## D) डिफ़ॉल्ट होना और इससे जुड़ी स्थितियां

i) कार्डधारक को डिफ़ॉल्टर के तौर पर रिपोर्ट करने के लिए सूचना अवधि सहित प्रक्रिया

अगर आप भुगतान की देय तारीख से कम से कम 3 दिन के भीतर न्यूनतम देय राशि का भुगतान नहीं करते हैं, तो रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया (RBI) द्वारा अधिकृत क्रेडिट सूचना कंपनियों (CIC) को बैंक द्वारा बकायादार के रूप में रिपोर्ट किया जाएगा. न्यूनतम देय राशि का भुगतान न करने पर क्रेडिट कार्ड सेवाएं भी बंद हो सकती हैं.

ii) डिफ़ॉल्ट रिपोर्ट को वापस लेने की प्रक्रिया और वह अवधि जिसके भीतर देयताओं के निपटान के बाद डिफ़ॉल्ट रिपोर्ट को वापस ले लिया जाएगा.

क्रेडिट सूचना कंपनियों (CIC) को रिपोर्ट करने के बाद, रिपोर्ट को वापस नहीं लिया जाता है. हालांकि, यदि आपके द्वारा देय राशि का निपटान किया जाता है, तो यह जानकारी अगले महीने में क्रेडिट सूचना कंपनियों (CIC) के साथ शेयर करने के लिए बैंक को दी जाएगी.

iii) डिफ़ॉल्ट हो जाने की स्थिति में रिकवरी की प्रक्रिया

डिफ़ॉल्ट की स्थिति में, आपको किसी भी बकाया राशि के निपटान के लिए पोस्ट, टेलीफ़ोन, ईमेल, SMS द्वारा अनुस्मारक भेजा जाएगा. अगर नियमित चैनल के द्वारा आपसे कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं होती है, तो आपको याद दिलाने, फ़ॉलो-अप कार्रवाई करने और बकाया राशि वसूलने के लिए तीसरे पक्ष को नियुक्त किया जा सकता है. आपके निवास / ऑफ़िस / फ़ोन पर आपके पति-पत्नी / माता-पिता / अन्य प्रत्यक्ष वयस्क पारिवारिक सदस्य / सचिव / लेखाकार / अन्य सहकर्मी, जो भी उपलब्ध हो, के पास संदेश छोड़ा जा सकता है. नियुक्त किया गया ऐसा कोई भी तीसरा पक्ष ऋण वसूली संबंधी आचार संहिता का पूरी तरह से पालन करेगा. (iv) कार्ड धारक की मौत होने की स्थिति में बकाया राशियों की वसूली प्राथमिक कार्डधारक की दुर्घटना में मौत होने के मामले में, कार्डधारक द्वारा धारित क्रेडिट लिमिट के मुताबिक अधिकतम 50,000 रु. की बकाया राशि की छूट की पेशकश की जाएगी. यह सिर्फ़ सक्रिय कार्ड पर ही लागू होगा (ऐसा कार्ड जिसकी समाप्ति की तारीख के 90 दिनों के अंदर कम से कम एक ATM/POS/ECommerce लेन देन किया गया हो). दावे के दस्तावेज़ बैंक/कार्डधारक द्वारा ICICI लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को सूचना की तारीख से लेकर 60 दिनों के अंदार सबमिट किए जाएंगे. यह छूट प्राथमिक कार्डधारक की मृत्यु के बाद उसके परिवार के सदस्य/मित्रों पर लागू नहीं होती है. अगर बकाया राशि इस राशि से अधिक हो. अगर बकाया राशि 50,000 से अधिक है, तो बैंक द्वारा प्राधिकृत FPL,कार्डधारक के कानूनी उत्तराधिकारियों को बकाया राशि की जानकारी देकर और उन्हें इन बकाया राशियों को क्लियर करने के अनुरोध करके उनके साथ फ़ॉलो-अप करेगा.

## E) कार्ड सदस्यता की समाप्ति/निरस्तीकरण

**i) कार्डधारक द्वारा कार्ड समर्पित करने की प्रक्रिया - बकाया की सूचना -**

a) आप ग्राहक सेवा टीम को कॉल करके या help@getonecard.app पर उन्हें ईमेल करके अपना फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट कभी भी बंद कर सकते हैं. कार्ड की पूरी बकाया राशियों और आपके फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड से लिंक ऋण/EMI सुविधाएं (अगर लागू हैं और/या प्राप्त की गई हैं) तुरंत देय हो जाती हैं.

b) कार्ड बंद होने के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी रीफ़ंड/रिवर्सल के बारे में आपको सूचना दी जाएगी और उसका रीफ़ंड ग्राहक सहायता विभाग के साथ शेयर किए गए अकाउंट नंबर में मालिकाना अधिकार का सत्यापन करने के बाद इलेक्ट्रॉनिक रूप से किया जाएगा.

c) वर्चुअल फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट हो जाने के बाद, आपको भौतिक कार्ड भेज दिया जाएगा . अगर आप वर्चुअल कार्ड को एक्टिवेट किए जाने के 6 महीनों के अंदर कार्ड की सदस्यता कैंसिल करना चाहते हैं, तो 3,000 रु. का चार्ज लगाया जाएगा. इसे समग्र बकाया राशि में जोड़ा जाएगा और सभी बकाया राशियों के भुगतान के बाद कार्ड अकाउंट बंद कर दिया जाएगा.

d) किसी भी वजह से फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड सदस्यता समाप्त होने/रद्द होने पर चाहे वह कार्ड सदस्य की इच्छा से हो या बैंक या बैंक द्वारा प्राधिकृत FPL की इच्छा से हो, कार्डधारक फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल से होने वाले सभी चार्जेस के लिए दायी रहेगा.

e) आप इस बात को विशेष रूप से स्वीकार करते हैं कि एक बार आपका फ़ेडरल वन कार्ड अकाउंट बंद हो जाने पर, फ़ेडरल वन कार्ड कार्ड के विशेषाधिकार (जिसमें सभी अर्जित लाभ और सेवाएं, रिडीम न किए गए रिवॉर्ड पॉइंट्स आदि शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं) निरस्त हो जाते हैं.

ये न तो अपने आप ना ही अनुरोध किए जाने पर बहाल की जाएंगी और ऐसा पूरी तरह बैंक द्वारा प्राधिकृत FPL के विवेक पर ही किया जाएगा.

f) दुरुपयोग से बचने के लिए, यह सलाह दी जाती है कि फ़ेडरल वन कार्ड कार्ड को नष्ट कर दिया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि होलोग्राम, मैग्नेटिक स्ट्रिप और चिप स्थायी रूप से नष्ट हो जाएं.

g) आपके फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट को बैंक द्वारा अधिकृत किए जाने पर FPL द्वारा सिर्फ़ तभी बंद किया जाएगा जब इस पर देय पूरी राशियों का और कथित फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट के संबंध में देय और बकाया सभी राशियों का पुनर्भुगतान उसे प्राप्त हो जाता है.

h) आप ग्राहक सहायता विभाग को 1800-210-9111 पर फ़ोन द्वारा कॉल कर सकते हैं या बकाया राशि क्लियर कर देने की शर्त पर वन कार्ड ऐप में कार्ड को बंद करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए एक टिकट बना सकते हैं.

**ii) कार्ड सदस्यता की समाप्ति/निरस्तीकरण**

आपके फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड की आपकी एक्सेस को कोई भी पूर्व सूचना दिए बगैर कभी भी कैंसिल किया या वापस लिया जा सकता है, अगर हमें ऐसा लगता है कि बिज़नेस या सुरक्षा के उद्देश्यों के लिए ऐसा करना आवश्यक है, इनमें बिना किसी सीमा के ये स्थितियां शामिल हैं:

a) भुगतानों में विलंब होना या उनका अनादरण होना, क्रेडिट कार्ड का गलत इस्तेमाल (RBI और विदेशी करेंसी के विनिमय के नियमों के उल्लंघन में) करना.

b) कार्ड के आवेदन के साथ भ्रामक या गलत जानकारी /दस्तावेज़ देना.

c) अपने ग्राहक को जानें (KYC)/ एंटी-मनी लाउंडरिंग (AML)/आतंकवाद के वित्तपोषण से मुकाबला करना (CFT) की गाइडलाइन के तहत आवश्यक जानकारी या दस्तावेज़ न देना.

d) किसी नागरिक मुकदमे या आपराधिक कृत्य / किसी प्राधिकारी/न्यायालय/ पेशेवर निकाय या एसोसिएशन द्वारा मुकदमे की कार्रवाई में शामिल होना.

e) मौजूदा स्थितियों / आकस्मिक परिस्थितियों की वजह से क्रेडिट कार्ड पॉलिसी में बदलाव.

आपको आपके कार्ड अकाउंट के बंद होने के बाद भी वास्तविक बकाया राशि के साथ आपके फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट मिलना जारी रह सकता है.

f) अगर आपके फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल एक वर्ष से ज़्यादा अवधि से नहीं किया गया है, तो हम 30 दिनों के अंदर इसके निष्क्रिय होने के बारे में सूचित करेंगे. इसके बाद भी नहीं किया जाता है, या अगर कार्ड का इस्तेमाल फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड को जारी रखने की सूचना पर कोई जवाब नहीं मिलता है, तो फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड बंद कर दिया जाएगा और कार्डधारक द्वारा देय राशियों के भुगतान की शर्त पर ब्यूरो को रिपोर्ट की जाएगी.

## F) कार्ड का खो जाना/चोरी हो जाना/दुरुपयोग होना

i) कार्ड के खो जाने/चोरी हो जाने/दुरुपयोग होने की स्थिति में पालन की जाने वाली प्रक्रिया

अगर आपका फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड खो जाता, चोरी हो गया है, गलत जगह रख दिया गया है या अगर क्रेडिट कार्ड के पिन से छेड़छाड़ की गई है, तो इसकी रिपोर्ट तुरंत वन कार्ड ऐप के ज़रिए या फ़ोन के ज़रिए 1800-210-9111 पर या help@getonecard.app पर ईमेल करके करें.

अगर आपका फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड गलत जगह पर रखने से गुम हो गया है, तो आप वन कार्ड ऐप से इसे अस्थायी रूप से लॉक कर सकते हैं.

अगर आपका फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड गुम हो गया है या चोरी हो गया है, तो आप वन कार्ड ऐप से फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड को ब्लॉक कर सकते हैं और आपको नया कार्ड भेज दिया जाएगा. आप वन कार्ड ऐप से कार्ड का पिन भी रिसेट कर सकते हैं.

अगर वन कार्ड ऐप वाला मोबाइल फ़ोन गुम या चोरी हो जाता है, तो हमें 1800-210-9111 पर कॉल करके तुरंत सूचित करें. कृपया फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड या फ़ोन की चोरी की सूचना पुलिस को प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज करा कर दें और अनुरोध किए जाने पर उसकी एक कॉपी हमारे साथ शेयर करें.

अगर आप रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर या ईमेल पता बदल देते हैं, तो आप help@getonecard.app पर हमें ईमेल भेज कर सूचित कर सकते हैं.

ii) उपरोक्त (i) की स्थिति मे कार्ड धारक का दायित्व

A. अगर नीचे दी गई स्थितियों में अनधिकृत लेन-देन होते हैं, तो आपका दायित्व शून्य होगा:

1. हमारी ओर से मिलीभगत/लापरवाही/कमी की वजह से होने वाली धोखाधड़ी.
2. तीसरे पक्ष का ऐसा उल्लंघन, जिसमें कमी सिस्टम में कहीं और होती है और आप अनधिकृत लेन-देन के बारे में हमें हमारी ओर से संचार प्राप्त होने के 3 कार्यदिवसों के अंदर सूचित कर देते हैं.

B. आगे दिए गए मामलों में अनधिकृत लेन-देनों की वजह से होने वाली हानि के लिए आप दायी होंगे:

1. ऐसे मामलों में, जिनमें हानि आपकी लापरवाही से होती है, जैसे जब आपने भुगतान संबंधी क्रेडेंशियल्स शेयर किए हों, तो आप पूरी हानि को तब तक वहन करेंगे, जब तक कि आप हमें अनधिकृत लेन-देनों की रिपोर्ट नहीं करते हैं. किसी अनधिकृत लेन-देन की रिपोर्टिंग के बाद हुई कोई भी हानि हमारे द्वारा वहन की जाएगी.
2. ऐसे मामलों में, जब अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेन-देन की ज़िम्मेदारी न तो हमारी ना ही आपकी हो, लेकिन उसके लिए सिस्टम में कोई अन्य सिम्मेदार हो और जहां ऐसे लेन-देन की हमें सूचना मिलने में आपकी ओर से कोई (हमारी ओर से सूचना मिलने के बाद 4-7 कार्यदिवसों का) विलंब हो, तो प्रति लेन-देन का आपका दायित्व उस लेन-देन के मूल्य या नीचे दी गई टेबल में बताई गई राशि (RBI के अनुसार), जो भी कम हो तक सीमित होगा
3. इसके अलावा, अगर आपकी ओर से रिपोर्ट करने में 7 कार्यदिवसों से ज़्यादा अवधि का विलंब हो जाता है, तो ग्राहक के दायित्व का निर्धारण बैंक के बोर्ड की अनुमोदित नीति के अनुसार किया जाएगा.

**ग्राहक का अधिकतम दायित्व**

| संचार प्राप्त होने की तारीख से कपटपूर्ण लेन-देनों की रिपोर्टिंग की समयावधि | ग्राहक का दायित्व |
|---|---|
| 3 कार्यदिवसों के भीतर | शून्य |
| 4-7 कार्य दिवसों के भीतर | क्रेडिट कार्ड लिमिट <= 500000 : अधिकतम देयता <=10000<br>क्रेडिट कार्ड लिमिट > 500000 : अधिकतम देयता <=25000 |

| | |
|---|---|
| 7 कार्य दिवसों से अधिक | बैंक के अनुसार/ बैंक की नीति द्वारा प्राधिकृत FPL के अनुसार |

अपने वन कार्ड ऐप पिन और क्रेडिट कार्ड पिन किसी को भी न बताएं!

## G) खुलासी

i) बैंक क्रेडिट संबंधी जानकारी जिसमें बिना किसी सीमा के मौजूदा बैलेंस, ऋण/ फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड से लिंक की गई EMI सुविधाएं (अगर लागू हैं और/या अगर उनका लाभ लिया गया है), फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड / ऋण के बकाया बैलेंस, हिस्ट्री वगैरह की जानकारी शामिल है, RBI द्वारा अधिकृत क्रेडिट सूचना कंपनियों के साथ क्रेडिट सूचना कंपनियां (विनियमन) अधिनियम, 2005 के अनुसार शेयर करेगा.

ii) बैंक के पास सभी विनियामक नियमों, निर्देशों और दिशानिर्देशों के पालन के लिए सभी ज़िम्मेदारी है, जिसमें बैंक द्वारा वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग पर दिशानिर्देश या RBI द्वारा जारी NBFC शामिल हैं. बैंक द्वारा प्राधिकृत FPL, बैंक या RBI द्वारा जारी NBFC के ज़रिए वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग संबंधी दिशानिर्देश के उल्लंघन में कोई सेवा प्रदान नहीं करता है.

iii) बैंक द्वारा प्राधिकृत FPL फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट के विवरण ज़रूरत पड़ने पर वैधानिक प्राधिकारियों और बैंक को प्रदान करेगा.

iv) लेन-देन के लिए प्राप्त अलर्ट को लेन-देन पूरा होने के कन्फ़र्मेशन के रूप में नहीं माना जा सकता है.

v) अगर आप बैंक द्वारा प्राधिकृत FPL की ओर से अन्य प्रोडक्ट के लिए कोई मार्केटिंग कॉल/ईमेल प्राप्त नहीं करना चाहते हैं, तो आप परेशान न करें सेवा के लिए रजिस्टर कर सकते हैं और साथ ही ऐसे ईमेल में दी गई लिंक पर क्लिक करके प्रचार संबंधी ईमेल को अनसब्सक्राइब कर सकते हैं.

vi) आपको फ़ेडरल वन कार्ड कार्ड के लेन-देन और मुख्य विशेषताओं के बारे में संचार प्राप्त होते रहेंगे. इस MITC दस्तावेज़, नियमों और शर्तों और अक्सर पूछे जाने वाले सवालों की कॉपी www.getonecard.app (http://www.getonecard.app) पर हमेशा उपलब्ध रहेगी.

## H) शिकायत निवारण और कम्पेंसेशन फ्रेमवर्क

i) शिकायत निवारण और शिकायत के निवारण के लिए आगे बढ़ाने की प्रक्रिया व समयसीमा

a)शिकायत के निवारण के लिए समयसीमा

अगर grievances@fplabs.tech (mailto:grievances@fplabs.tech) पर संपर्क करने के बाद आपकी शिकायत का संतोषजनक रूप से निवारण नहीं होता है, तो आप बैंक से https://www.federalbank.co.in/grievance-redressal (https://www.federalbank.co.in/grievance-redressal) पर संपर्क कर सकते हैं.

अगर 30 दिनों के बाद ऊपर बताए गए चैनलों से संपर्क करने भी समस्या का समाधान नहीं होता है, या अगर जवाब असंतोषजनक है, तो आप स्वतंत्र समीक्षा के लिए बैंकिंग ओम्बुड्समैन को लिख सकते हैं. बैंकिंग ओम्बुड्समैन स्कीम के विवरण रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया (RBI) की वेबसाइट पर https://www.rbi.orhttps://www.rbi.org.in/g.in/ (https://www.rbi.org.in/) पर उपलब्ध है.

बैंक यह सुनिश्चित करेगा कि फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड द्वारा विज्ञापित सभी कैशबैक, छूटें और अन्य ऑफ़र, अगर कोई है, तो कार्डधारक को समय पर डिलीवर किए जाएंगे. कार्डधारक इस संबंध में किसी भी विवाद के लिए बैंक से अंपर्क कर सकता है. ii) समाधान में देरी होने के मामले में नीचे दिए गए कॉम्पेंसेशन फ़्रेमवर्क का अनुसरण किया जाएगा

| क्रमांक | घटना का विवरण | देय कॉम्पेंसेशन |
|---|---|---|
| 01 | **कार्ड बंद करने के अनुरोध बकाया राशियों के क्लियर हो जाने की शर्त पर** | **देरी के लिए 500 रु. + G.S.T प्रति दिन<br>T+ 7 दिनों से ज़्यादा** |
| 02 | **बिक्री का स्थान/ ऐसा CNP जिसे अकाउंट से डेबिट कर लिया गया है, लेकिन मर्चेंट द्वारा उसका निपटान** | **देरी के लिए 100 रु. + G.S.T प्रति दिन<br>T+5 दिनों से ज़्यादा और अंतरराष्ट्रीय लेन-देन के लिए<br>T+7 दिनों से ज़्यादा अवधि तक नहीं किया गया है** |

iii) कार्ड जारी करने वाले व्यक्ति के विवरण निम्नानुसार हैं

अपने सवाल या चिंताएं help@getonecard.app (mailto:help@onecard.app) पर ईमेल करें

हमें हमारे हेल्पलाइन नंबर **1800-210-9111** पर कॉल करें

हमें इस पते पर लिखें या विज़िट करें: FPL टेक्नोलॉजीस प्रा. लि., दिशा बिल्डिंग, सर्वे नं. 127, महावीर पार्क, सार्जा के सामने, औंध, पुणे 411007

अगर आप नियमित चैनल से मिले जवाब से संतुष्ट नहीं हैं, तो आप grievances@fplabs.tech (mailto:grievances@fplabs.tech) को ईमेल भेज सकते हैं

## I) रिवार्ड पॉइंट

अपने फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करके, आप फ़ेडरल वन कार्ड रिवॉर्ड प्रोग्राम में अपने आप एनरोल हो जाते हैं. जब आप अपने फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड के ज़रिए लेन-देन करते हैं, तो आपके लेन-देन के मूल्य और खरीदी की श्रेणी के आधार पर आपके फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट में रिवॉर्ड पॉइंट क्रेडिट किए जाते हैं ये रिवॉर्ड पॉइंट संचित हो सकते हैं और इनका इस्तेमाल आगे अन्य खरीदियों का पुनर्भुगतान करने या समय-समय पर वन कार्ड ऐप में दिखाए गए रोमांचक ऑफ़र को रिडीम करने के लिए किया जा सकता है.

### I. रिवॉर्ड पॉइंट अर्जित करें

a) रिवॉर्ड पॉइंट सिर्फ़ किसी भी श्रेणी में नियमित खरीदियों पर ही क्रेडिट किए जाते हैं.

b) रिवॉर्ड पॉइंट्स, मनी ट्रांसफ़र, किराए के भुगतानों, नकद निकासियों और डिजिटल वॉलेट लोडिंग या टॉप-अप लेन-देनों के बदले संचित नहीं होंगे. कभी-कभी, जब आप डिजिटल वॉलेट ऐप पर कोई ऐसी सेवा/प्रोडक्ट खरीदते हैं, जिनके लिए ऐप के अंतर्गत खरीदियां भी ऑफ़र की गई हों, तो हो सकता है कि आपको रिवॉर्ड पॉइंट न मिलें, क्योंकि इसमें वास्तविक वॉलेट लोड शामिल होता है, जिसका इस्तेमाल इसके बाद मर्चेंट को भुगतान क्रने के लिए किया जाता है.

c) फ़िलहाल, आपको 50 रु. की हर खरीदी पर 1 रिवॉर्ड पॉइंट मिलेगा.

d) 50 रु.से कम राशि की खरीदी पर आंशिक पॉइंट क्रेडिट किए जाएंगे उदाहरण के लिए, अगर आप रिचार्ज पर 25 रु. खर्च करते हैं, तो 0.5 रिवॉर्ड पॉइंट क्रेडिट किए जाएंगे.

e) बोनस रिवॉर्ड: एक महीने में शीर्ष 2 श्रेणियों में मान्य और कन्फ़र्म की गई खरीदियां "5X" रिवॉर्ड के लिए पात्र होती हैं, जिसका मतलब यह अहि कि आपको उस माह उन श्रेणियों के लिए 5 गुना रिवॉर्ड पॉइंट मिलेंगे.

- पात्रता प्राप्त करने के लिए, आपको किसी माह में कम से कम 3 श्रेणियों में खरीदी करनी होगी. इनमें से, शीर्ष 2 श्रेणियां 5X रिवॉर्ड के लिए पात्र होंगीं.
- 5X रिवॉर्ड की वजह से संचित हुए पॉइंट्स आपके पॉइंट बैलेंस में पश्चातवर्ती महीने के 10वें दिन क्रेडिट हो जाएंगे. उदाहरण के लिए, अगर जुलाई में की गई आपकी खरीदियां पात्र होती हैं, तो 5X पॉइंट्स 10 अगस्त को आपके पॉइंट्स बैलेंस में क्रेडिट हो जाएंगे.

## II. रिवॉर्ड पॉइंट रिडीम करें

a) अगर आप रिवॉर्ड पॉइंट्स को रिडीम करना चाहते हैं, तो कोई भी फ़ीस नहीं लगाई जाएगी.

b) रिवॉर्ड पॉइंट्स नीचे दिए गए तरीकों सहित किसी भी तरीके से रिडीम किए जा सकते हैं:

- पॉइंट्स के ज़रिए भुगतान करना: जिसमें आप पिछले लेन-देनों के लिए भुगतान कर सकते हैं
- समय-समय पर लागू अन्य ऑफ़र/लाभों के लिए पॉइंट्स रिडीम करना

c) "पॉइंट्स के ज़रिए भुगतान करना" फ़ंक्शनालिटी उन लेन-देनों के लिए उपलब्ध होगी, जो दो माह से कम अवधि पुराने हैं. उदाहरण के लिए, अगर आप 15 जुलाई को कोई खरीदी करते हैं, तो आप पॉइंट्स के ज़रिए उसका पुनर्भुगतान 14 सितंबर तक ही कर सकेंगे (उपलब्ध पॉइंट्स बैलेंस की शर्त पर).

d) रिडीम करने पर, इस प्रकार से रिडीम किए गए रिवॉर्ड पॉइंट्स आपके फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट में संचित रिवार्ड पॉइंट्स से अपने आप घटा दिए जाएंगे.

e) पॉइंट्स के ज़रिए भुगतान करने के लिए, बस लेन-देन पर दाईं ओर स्वाइप करें. अगर उपलब्ध पॉइंट अपर्याप्त हों, तो यह दर्शाते हुए एक संदेश दिखाया जाएगा कि कितने पॉइंट्स की ज़रूरत है.

## III. अन्य शर्तें

a) ऐसे रिवॉर्ड पॉइंट्स जो आपके फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट में क्रेडिट या डेबिट किए गए हैं, वे वन कार्ड ऐप पर दिखाई देंगे. आप अपने द्वारा एकत्रित किए गए रिवॉर्ड पॉइंट्स को वन कार्ड ऐप पर भी देख सकते हैं.

b) बैंक द्वारा प्राधिकृत FPL के पास फ़ेडरल वन कार्ड रिवॉर्ड प्रोग्राम को पूरी तरह या आंशिक रूप से संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है. बैंक द्वारा प्राधिकृत FPL को अपने एकमात्र विवेक से कार्डधारक को कोई भी पूर्व सूचना दिए बिना रिवॉर्ड पॉइंट कनवर्ज़न दर में बदलाव करने, अवॉर्ड किए गए रिवॉर्ड पॉइंट को वापस लेने या यहां बताए गए किसी भी नियम और शर्त को बदलने का अधिकार है.

c) अगर यह फ़ेडरल वन कार्ड रिवॉर्ड प्रोग्राम का टकराव किसी नियम, विनियमन या ऑर्डर या किसी सांविधिक प्राधिकार से होता है, तो बैंक द्वारा प्राधिकृत FPL को उक्त आवश्यकताओं को प्रभावी बनाने के लिए इस रिवॉर्ड प्रोग्राम को संशोधित या रद्द करने का पूरा प्राधिकार और अधिकार है.

d) रिवॉर्ड पॉइंट्स की वैधता अवधि समाप्त नहीं होती है और आजीवन वैधता होती है, नीचे दी गई परिस्थितियों को छोड़कर:

- अगर फ़ेडरल वन कार्ड कार्ड का उपयोग 365 दिनों से अधिक समय तक नहीं किया जाता है, तो अर्जित रिवॉर्ड पॉइंट्स को रद्द कर दिया जाएगा.
- बैंक द्वारा प्राधिकृत FPL के पास अर्जित रिवॉर्ड पॉइंट को रद्द या निलंबित करने का अधिकार सुरक्षित है, यदि फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट पर राशि बकाया है, यह निलंबित या डिफ़ॉल्ट में है या यदि फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट धोखाधड़ी से संचालित किया जा रहा है या ऐसा होने का उपयुक्त संदेह है.
- कार्डधारक की मौत की स्थिति में, अर्जित किए गए लेकिन उस समय रिडीम नहीं किए गए रिवॉर्ड पॉइंट ज़ब्त कर लिए जाएंगे.
- यदि कोई लेन-देन रिफ़ंड/चार्जबैक/प्रतिपूर्ति के माध्यम से उलट दिया जाता है, तो लेन-देन राशि आपके फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड अकाउंट में वापस जमा कर दी जाएगी, ऐसे उदाहरण में, उन लेन-देन पर अर्जित रिवॉर्ड पॉइंट्स को समग्र रिवॉर्ड पॉइंट्स बैलेंस से कम कर दिया जाएगा.
- अगर कार्ड सदस्य उन वाउचर को रद्द कर देता है, जिन्हें रिवॉर्ड पॉइंट रिडीम करके प्राप्त किया गया था, तो पॉइंट्स बैंक द्वारा प्राधिकृत FPL के विवेक से उसी दर पर अपने पास बहाल किए जा सकते हैं, जिन पर उन्हें रिडीम किया गया था.
- फ़ेडरल वन कार्ड सदस्यता के बंद होने/समाप्ति पर, कार्डधारक के अकाउंट में दावा किए जाने के लिए लंबित किसी भी रिवॉर्ड पॉइंट को ज़ब्त कर लिया जाएगा.

e) यदि आपको प्रदान किए गए उत्पादों / सेवाओं का कोई आपूर्तिकर्ता उन उत्पादों / सेवाओं को वापस लेता है, रद्द करता है, बदलता है या संशोधित करता है, तो बैंक द्वारा प्राधिकृत FPL ज़िम्मेदार नहीं होगा.

f) बैंक द्वारा प्राधिकृत FPL, फ़ेडरल वन कार्ड रिवॉर्ड प्रोग्राम में भाग लेने वाले व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा दिए गए प्रोडक्ट / सेवाओं की गुणवत्ता कीकोई वारंटी नहीं देता है.

g) आप देख सकते हैं कि हर एक खरीद को वीज़ा द्वारा परिभाषित मर्चेंट श्रेणी कोड (MCC) के आधार पर एक अलग "श्रेणी" असाइन की गई है.
इसके अनुसार, मर्चेंट प्राप्त करने वाला बैंक, उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सर्विसेस के आधार पर मर्चेंट को वर्गीकृत करता है. मिसाल के तौर पर, खाने-पीने का समान और भोजन, खरीदारी, यात्रा, मनोरंजन, किराने का सामान, बिल और उपयोगिताएं, ईंधन, वगैरह. इस MCC वर्गीकरण पर बैंक द्वारा प्राधिकृत FPL का कोई नियंत्रण नहीं है.

## J) रेफ़रल प्रोग्राम

रेफ़रल प्रोग्राम के ये नियम और शर्तें उस ग्राहक पर लागू होंगीं, जो फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड ("कार्डधारक"/" आप") का इस्तेमाल करता है और उस व्यक्ति पर लागू होगी, जो फ़ेडरल वन कार्ड ("रेफ़र किया गया यूज़र") को संदर्भित होने के लिए सहमत होता है. इस रेफ़रल प्रोग्राम में भागीदारी पूरी तरह से स्वैच्छिक है और यह समझा जाता हैकि कार्डधारक द्वारा प्रतिभागिता को स्वैच्छिक आधार पर की गई प्रतिभागिता माना जाएगा. यह प्रोग्राम 10 नवंबर 2020 को या उसके बाद रेफ़रल लिंक के ज़रिए एक्टिवेट किए गए सभी फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड के लिए लागू होगा.

a) आपको ऐसे हर एक नए यूज़र के लिए दो हज़ार पांच सौ (2,500) बोनस रिवॉर्ड पॉइंट्स मिलेंगे, जो आपके रेफ़रल लिंक के ज़रिए फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड में शामिल होता है.

b) रेफ़रल यूज़र को आपके द्वारा दी गई लिंक का इस्तेमाल करके वन कार्ड ऐप डाउनलोड करना होगा और अपने वर्चुअल फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड को एक्टिवेट करना होगा. आपको सिर्फ़ ऐसे रेफ़र किए गए यूज़र के लिए बोनस पॉइंट मिलेंगे, जिन्होंने फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड सफलतापूर्वक एक्टिवेट कर लिया है.

c) अगर रेफ़र किया गया कोई यूज़र आपके रेफ़रल लिंक का इस्तेमाल करके फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड में शामिल नहीं होता है, तो आप अपने बोनस पॉइंट खो देंगे.

d) यूज़र को रेफ़र कर अर्जित किए गए पॉइंट्स मासिक 5X रिवॉर्ड्स बूस्ट के लिए पात्र नहीं होंगे.

e) अगर रेफ़र किया गया कोई यूज़र पहले से ही वन स्कोर ऐप का यूज़र है और उसने फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड के लिए पहले से ही आवेदन कर लिया है, तो बोनस रिवॉर्ड पॉइंट्स के लिए ऐसे रेफ़रल यूज़र पर विचार नहीं किया जाएगा.

f) अगर एक से ज़्यादा कार्डधारक एक ही रेफ़रेंस देता है, तो रेफ़र किए गए यूज़र को दोनों कार्डधारक की ओर से रेफ़रल लिंक प्राप्त होगी और रेफ़र किया गया यूज़र किसी भी रेफ़रल लिंक का इस्तेमाल करने का विकल्प चुन सकता है और संबंधित कार्डधारक को रिवॉर्ड पॉइंट प्राप्त होंगे.

g) रेफ़रल लिंक सिर्फ़ 30 दिनों के लिए ही मान्य होगी. अगर रेफ़रल यूज़र 30 दिनों के बाद शामिल होता है, तो कार्डधारक को उसके लिए पॉइंट्स नहीं मिलेंगे.

h) रेफ़रल रिवॉर्ड मूल्य और लागू सीमाओं के साथ, रेफ़र किए गए यूज़र को फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड जारी करने का निर्णय पूरी तरह बैंक टेक्नोलॉज़ी द्वारा प्राधिकृत FPL के विवेक पर हमारी मूल्यांकन नीति के अनुसार और किसी भी पूर्व सूचना के बगैर परिवर्तन के अधीन होगा.

i) कार्डधारक और रेफ़र किए गए यूज़र के बीच व्यक्तिगत जानकारी की महत्वपूर्ण शेयरिंग:

इस रेफ़रल प्रोग्राम के भाग के तौर पर और कार्डधारक को रेफ़रल लिंक के इस्तेमाल से रेफ़रल सफल होने पर रिवॉर्ड पॉइंट्स प्राप्त करके, रेफ़र किया गया यूज़र इस बात को स्वीकार करता है, समझता है और इससे सहमत होता है कि जब रेफ़र किया गया यूज़र रेफ़रल लिंक के ज़रिए आमंत्रण को स्वीकार करता है और वर्चुअल फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड को सफलतापूर्वक एक्टिवेट कर लेता है, तो कार्डधारक को यह जानकारी मिल जाएगी कि रेफ़र किए गए यूज़र को फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड प्राप्त हो गया है. अगर रेफ़र किया गया यूज़र इस व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा करने से बचना चाहता है, तो रेफ़र किया गया यूज़र स्वतंत्र रूप से आवेदन करने और कार्डधारक द्वारा भेजे गए रेफ़रल लिंक के ज़रिए आवेदन न करने क आ विकल्प चुन सकता है. इसी तरह, रेफ़रल लिंक भेज कर कार्डधारक यह स्वीकार करता है, समझता है और इस बात पर सहमत है कि रेफ़र किए गए यूज़र को यह पता चलेगा कि कार्डधारक को बोनस पॉइंट्स के तरीके से रिवॉर्ड प्राप्त करने का अवसर मिला है. अगर कार्डधारक इस जानकारी का खुलासा नहीं करना चाहता है, तो कार्डधारक को रेफ़रल लिंक नहीं भेजना चाहिए. फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड की स्वीकृति से संबंधित सभी संचार

सिर्फ़ रेफ़र किए गए यूज़र को ही संचारित किए जाएंगे, कार्डधारक को नहीं. कार्डधारक के लिए सफल संचार के साथ रिवॉर्ड रेडेम्प्शन विवरण सिर्फ़ सफल रेफ़रल सिर्फ़ सफल रेफ़रल से ही होने पर ही भेजे जाएंगे.

j) अगर इस प्रोग्राम के तहत या अन्यथा फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करके लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से धोखाधड़ीपूर्ण गतिविधि किए जाने का पता चलता है, तो बैंक द्वारा प्राधिकृत FPL के पास उस कार्डधारक को इस प्रोग्राम से मिलने वाले लाभों से अपात्र बनाने का अधिकार सुरक्षित है.

k) आप किसी भी कैलेंडर माह में अधिकतम 25 रेफ़रल के लिए और एक कैलेंडर वर्ष में अधिकतम 100 रेफ़रल का लिए ही रिवॉर्ड पॉइंट अर्जित कर सकते हैं.

l) बैंक द्वारा प्राधिकृत FPL को अपने एकमात्र विवेक से रेफ़रल प्रोग्राम और यहां दिए गए नियमों और शर्तों को लागू कानूनों के अनुसार समय-समय पर बदलने, निलंबित करने या संशोधित करने का अधिकार है.

## महत्वपूर्ण विनियामक जानकारी

i) आपका फ़ेडरल वन कार्ड क्रेडिट कार्ड भारत के साथ-साथ विदेशों में भी उपयोग के लिए वैध है. हालांकि, नेपाल और भूटान में यह विदेशी करेंसी के लेन-देन के लिए मान्य नहीं है.

ii) इंटरनेट ट्रेडिंग पोर्टल के ज़रिए विदेशी करेंसी की ट्रेडिंग की अनुमति नहीं है. किसी भी उल्लंघन की या अनुपालन न करने की स्थिति में आप पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी और/या कार्ड को बंद कर दिया जाएगा.